Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to give adequate compensation to farmers whoes crops were damaged due to heavy rain in Maharashtra.

श्री कृपाल बालाजी तुमाने : इसके लिए आपका धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय । देश के आप सभी सांसद जानते हैं कि महाराष्ट्र में जिस तरह से अक्तूबर महीने में भारी बरिश होने के कारण लगभग सभी किसानों को भारी मात्रा में नुकसान हुआ है । ऐसी कोई फसल नहीं है जो छूट गई हो, चाहे सोयाबीन हो, कपास हो । विदर्भ में बड़े पैमाने पर हॉर्टिकल्चर में अंगूर, नागपुर का प्रसिद्ध संतरा पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है । आज की तारीख में उनका सब कुछ नेस्तनाबूद हो चुका है । मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि महाराष्ट्र के आदरणीय राज्यपाल ने जिस तरह से वहां के लिए राहत घोषित की है, वह बहुत ही कम है । उन्होंने 8000 रुपये प्रति हेक्टेयर के हिसाब से देने की घोषणा की है । लेकिन सही मायने में उसका पंचनामा करने के लिए केंद्र सरकार की एक टीम महाराष्ट्र में जानी चाहिए और उसके बाद उनकी जांच की जो भी रिपोर्ट आए उसके आधार पर किसानों का जिस तरह का नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई होनी चाहिए । मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि जो हमारे किसान हैं, जिनकी सोयाबीन, कपास, धान की फसल है, उनको कम-से-कम 25 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर के हिसाब और जिन किसानों का संतरा व अंगूर है, उनको कम से कम 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर के हिसाब से मुआवजा मिलना चाहिए । मैं यही मांग करता हूं ।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. श्रीकांत शिंदे और श्री श्रीरंग बारणे को श्री कृपाल बालाजी तुमाने द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।